भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
राजस्व विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1430**
(जिसका उत्तर सोमवार, दिनांक 09 फरवरी, 2026/20 माघ, 1947(शक) को दिया जाना है)

## जीएसटी संग्रह और संबंधित वृद्धि

**1430. श्री राजू बिष्टः**
**सुश्री एस. जोतिमणिः**

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पांच वित्तीय वर्षों के दौरान केंद्र सरकार द्वारा एकत्र किए गए जीएसटी राजस्व का ब्यौरा क्या है, जिसमें केंद्रीय जीएसटी, राज्य जीएसटी, एकीकृत जीएसटी और क्षतिपूर्ति उपकर के हिस्से के साथ-साथ पिछले वर्षों की तुलना में राज्य-वार और वर्ष-वार संबंधित विकास दर का विवरण भी शामिल है;
(ख) वर्ष 2019 से पश्चिम बंगाल को जीएसटी संग्रह, कर हस्तांतरण और सहायता अनुदान का जिला-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) वर्ष 2019 से पश्चिम बंगाल में केंद्र सरकार की परियोजनाओं के लिए आवंटित धनराशि का जिला-वार ब्यौरा क्या है;
(घ) 14वें और 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत दार्जिलिंग और कलिम्पोंग जिलों को आवंटित अनुदान का ब्यौरा क्या है;
(ङ) क्या कुछ राज्यों या क्षेत्रों में जीएसटी संग्रह में कोई कमी या अस्थिरता देखी गई है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और उसके कारण क्या हैं;
(च) प्रौद्योगिकी, डेटा एनालिटिक्स और प्रवर्तन कार्रवाइयों के उपयोग सहित जीएसटी अनुपालन में सुधार करने और कर आधार को व्यापक बनाने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए गए हैं; और
(छ) राजस्व स्थिरता, दर युक्तिकरण और क्षतिपूर्ति से संबंधित मुद्दों के संबंध में राज्यों द्वारा उठाए गई चिंताओं को दूर करने के लिए जीएसटी परिषद के माध्यम से सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**
**वित्त राज्य मंत्री**
**(श्री पंकज चौधरी)**

(क): पिछले पांच वित्तीय वर्षों के दौरान राज्य-वार और वर्ष-वार एकत्रित जीएसटी राजस्व **अनुलग्नक क** में दिया गया है। इसके अलावा, पिछले वर्षों की तुलना में सकल जीएसटी संग्रहण (सीजीएसटी + एसजीएसटी + आईजीएसटी (घरेलू + आयात)) की वृद्धि दर निम्नलिखित हैः-

| वित्तीय वर्ष | धनराशि (करोड़ रु. में) | वृद्धि (%) |
|---|---:|---:|
| 2021-22 | 13,75,624 | |
| 2022-23 | 16,79,395 | 22% |
| 2023-24 | 18,73,695 | 12% |
| 2024-25 | 20,55,558 | 10% |
| 2024-25 (जनवरी, 25 तक) | 17,01,891 | |
| 2025-26 (जनवरी, 26 तक) | 18,43,384 | 8% |

(ख): जिला-वार जीएसटी संग्रहण के डेटा का रखरखाव नहीं किया जाता है। हालांकि, वित्त आयोग द्वारा वित्तीय वर्ष 2019-20 से पश्चिम बंगाल राज्य को कर हस्तांतरण (राज्यों का हिस्सा) के बारे में दिए गए विवरण नीचे दिए गए हैं:-

| **वित्तीय वर्ष** | **साझा करने योग्य कर का हस्तांतरण (करोड़ रु. में)** |
|---|---|
| 2019-20 | 48,048 |
| 2020-21 | 44,737 |
| 2021-22 | 67,518 |
| 2022-23 | 71,435 |
| 2023-24 | 84,972 |
| 2024-25 | 96,812 |
| 2025-26 (दिनांक 09.01.2026 तक) | 85,745 |

(ग) और (घ): जिला-वार डेटा का रखरखाव नहीं किया जाता है।

(ङ): जी नहीं। जी.एस.टी. संग्रहण में मासिक बदलाव का कारण उपभोक्ताओं के मौसमी या चक्रीय खर्च का स्वरूप, दर युक्तिकरण आदि है।

(च): सरकार द्वारा जी.एस.टी. अनुपालन में सुधार और कर आधार को व्यापक बनाने के लिए उठाए गए कदम निम्नलिखित हैं:-

क. चालान, पंजीकरण के समय बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण और आधार आधारित चेहरे के प्रमाणीकरण के लिए एक मोबाइल ऐप सहित कई नवीन प्रौद्योगिकियां लागू की गई हैं।

ख. पंजीकरण आवेदनों से जुड़े जोखिमों का आकलन करने के लिए सी.बी.डी.टी., पी.एफ.एम.एस. और पी.डी.एस. जैसे तृतीय पक्ष स्रोतों से एकीकृत डेटा।

ग. एस.टी.आर.-1ए की शुरुआत करदाताओं को जी.एस.टी.आर.-1 में संशोधन करने में सक्षम बनाती है, जिससे रिटर्न दाखिल करने में अधिक सटीकता सुनिश्चित होती है।

घ. हाल ही में लॉन्च की गई चालान प्रबंधन प्रणाली करदाताओं को चालान स्वीकार करने, अस्वीकार करने या लंबित रखने की अनुमति देती है, जो जी.एस.टी.आर.-2बी सृजन का आधार बनती है।

(छ): जीएसटी परिषद ने दिनांक 03.09.2025 को आयोजित अपनी 56वीं बैठक में सामान्य जन, श्रम-गहन उद्योगों, किसानों और कृषि, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाले प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए कई वस्तुओं और सेवाओं पर जीएसटी दरों के युक्तिकरण की सिफारिश की। वर्तमान 4-स्तरीय कर दर संरचना को नागरिक-अनुकूल 'सरल कर' में युक्तिकरण - 18% की मानक दर और 5% की गुण दर के साथ 2-दर संरचना; कुछ चुनिंदा वस्तुओं और सेवाओं के लिए 40% की विशेष अवगुण दर की सिफारिश की गई थी।

*****

**पिछले 5 वित्तीय वर्षों के दौरान जीएसटी संग्रहण (करोड़ रुपये में)**

| | | 2021-22 | | | | 2022-23 | | | | 2023-24 | | | | 2024-25 | | | | 2025-26 ( जनवरी, 26 तक) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| राज्य कोड | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | सीजीएसटी | एसजीएसटी | आईजीएसटी | कुल | सीजीएसटी | एसजीएसटी | आईजीएसटी | कुल | सीजीएसटी | एसजीएसटी | आईजीएसटी | कुल | सीजीएसटी | एसजीएसटी | आईजीएसटी | कुल | सीजीएसटी | एसजीएसटी | आईजीएसटी | कुल |
| 1 | जम्मू और कश्मीर | 1,378 | 2,066 | 1,194 | 4,638 | 1,532 | 2,350 | 1,296 | 5,178 | 2,079 | 2,945 | 1,594 | 6,619 | 2,113 | 2,991 | 1,954 | 7,059 | 1,824 | 2,480 | 1,650 | 5,954 |
| 2 | हिमाचल प्रदेश | 1,381 | 1,997 | 4,629 | 8,006 | 1,669 | 2,346 | 4,742 | 8,758 | 1,874 | 2,597 | 5,464 | 9,935 | 1,945 | 2,709 | 5,669 | 10,323 | 1,601 | 2,206 | 4,274 | 8,081 |
| 3 | पंजाब | 4,587 | 6,896 | 6,701 | 18,184 | 5,058 | 7,660 | 7,891 | 20,610 | 5,795 | 8,406 | 9,483 | 23,683 | 6,495 | 9,193 | 10,579 | 26,267 | 5,812 | 8,212 | 8,911 | 22,934 |
| 4 | चंडीगढ़ | 366 | 507 | 1,091 | 1,963 | 461 | 629 | 1,253 | 2,343 | 526 | 689 | 1,537 | 2,751 | 582 | 777 | 1,510 | 2,869 | 515 | 654 | 1,413 | 2,581 |
| 5 | उत्तराखंड | 2,578 | 3,780 | 7,235 | 13,593 | 3,315 | 4,787 | 8,619 | 16,722 | 3,861 | 5,415 | 9,824 | 19,100 | 4,046 | 5,847 | 10,648 | 20,542 | 3,430 | 5,104 | 7,875 | 16,409 |
| 6 | हरियाणा | 11,269 | 15,116 | 36,780 | 63,165 | 13,730 | 18,143 | 48,765 | 80,637 | 15,813 | 20,334 | 59,726 | 95,873 | 18,165 | 23,285 | 70,034 | 1,11,485 | 16,340 | 20,845 | 61,860 | 99,045 |
| 7 | दिल्ली | 9,292 | 11,329 | 24,609 | 45,230 | 11,323 | 13,619 | 29,878 | 54,820 | 13,254 | 15,647 | 36,232 | 65,134 | 15,156 | 17,788 | 42,706 | 75,650 | 13,937 | 16,070 | 37,962 | 67,968 |
| 8 | राजस्थान | 10,231 | 13,443 | 12,934 | 36,607 | 11,984 | 15,636 | 16,337 | 43,958 | 13,710 | 17,531 | 17,081 | 48,322 | 14,639 | 18,736 | 19,377 | 52,752 | 12,486 | 16,029 | 16,060 | 44,575 |
| 9 | उत्तर प्रदेश | 16,876 | 23,766 | 20,574 | 61,216 | 19,809 | 27,366 | 26,559 | 73,734 | 23,824 | 32,534 | 29,779 | 86,137 | 26,328 | 34,845 | 34,462 | 95,635 | 22,551 | 29,477 | 30,625 | 82,653 |
| 10 | बिहार | 3,793 | 6,083 | 1,718 | 11,594 | 4,553 | 7,543 | 2,446 | 14,543 | 5,025 | 8,535 | 2,418 | 15,978 | 5,431 | 9,925 | 2,774 | 18,129 | 4,708 | 8,406 | 2,787 | 15,900 |
| 11 | सिक्किम | 188 | 254 | 2,368 | 2,810 | 224 | 301 | 2,629 | 3,155 | 317 | 420 | 2,969 | 3,706 | 307 | 399 | 3,356 | 4,062 | 327 | 414 | 2,519 | 3,259 |
| 12 | अरुणाचल प्रदेश | 264 | 337 | 107 | 708 | 385 | 494 | 141 | 1,021 | 509 | 628 | 168 | 1,306 | 465 | 567 | 167 | 1,198 | 492 | 602 | 148 | 1,243 |
| 13 | नागालैंड | 141 | 190 | 75 | 406 | 175 | 228 | 119 | 522 | 242 | 307 | 116 | 665 | 238 | 296 | 124 | 658 | 255 | 319 | 115 | 689 |
| 14 | मणिपुर | 211 | 287 | 52 | 550 | 226 | 321 | 66 | 612 | 250 | 346 | 72 | 667 | 248 | 348 | 102 | 698 | 227 | 296 | 80 | 602 |
| 15 | मिजोरम | 118 | 163 | 35 | 316 | 151 | 230 | 38 | 418 | 181 | 273 | 45 | 499 | 193 | 264 | 53 | 511 | 120 | 175 | 56 | 351 |
| 16 | त्रिपुरा | 294 | 388 | 92 | 775 | 333 | 435 | 113 | 880 | 387 | 512 | 152 | 1,051 | 450 | 578 | 162 | 1,190 | 372 | 479 | 149 | 1,000 |
| 17 | मेघालय | 294 | 367 | 1,094 | 1,755 | 397 | 489 | 1,170 | 2,056 | 491 | 607 | 1,137 | 2,235 | 529 | 646 | 1,003 | 2,178 | 457 | 571 | 907 | 1,934 |
| 18 | असम | 3,641 | 4,638 | 3,325 | 11,604 | 4,001 | 5,180 | 3,901 | 13,082 | 4,739 | 6,010 | 3,820 | 14,569 | 5,118 | 6,533 | 4,346 | 15,997 | 4,331 | 5,639 | 4,015 | 13,985 |
| 19 | पश्चिम बंगाल | 14,501 | 18,164 | 11,740 | 44,404 | 17,655 | 21,514 | 14,639 | 53,809 | 19,267 | 23,436 | 15,308 | 58,010 | 19,790 | 24,085 | 17,552 | 61,427 | 17,294 | 20,693 | 16,347 | 54,333 |
| 20 | झारखंड | 5,041 | 6,328 | 11,055 | 22,423 | 5,880 | 7,813 | 12,554 | 26,247 | 6,309 | 8,840 | 12,650 | 27,799 | 6,780 | 8,923 | 13,320 | 29,023 | 6,035 | 7,775 | 10,581 | 24,391 |
| 21 | ओडिशा | 10,827 | 12,743 | 12,925 | 36,495 | 11,799 | 14,211 | 14,558 | 40,568 | 13,823 | 16,455 | 15,102 | 45,380 | 14,677 | 18,108 | 17,957 | 50,743 | 12,004 | 15,338 | 14,681 | 42,024 |
| 22 | छत्तीसगढ | 5,847 | 6,818 | 10,045 | 22,710 | 6,318 | 7,489 | 11,121 | 24,928 | 6,890 | 8,175 | 12,101 | 27,166 | 7,498 | 9,344 | 12,776 | 29,618 | 6,400 | 7,578 | 10,455 | 24,432 |
| 23 | मध्य प्रदेश | 7,280 | 9,433 | 8,261 | 24,974 | 8,428 | 10,937 | 9,862 | 29,226 | 10,336 | 13,072 | 11,211 | 34,619 | 11,277 | 14,031 | 11,823 | 37,131 | 9,726 | 12,039 | 10,467 | 32,231 |
| 24 | गुजरात | 26,934 | 32,724 | 31,235 | 90,892 | 31,405 | 37,802 | 38,348 | 1,07,555 | 34,753 | 42,371 | 40,020 | 1,17,144 | 37,931 | 45,540 | 44,865 | 1,28,336 | 34,011 | 40,402 | 37,122 | 1,11,535 |
| 25 | दमन और दीव | 1 | 1 | 3 | 5 | 0 | 0 | 2 | 3 | 1 | 1 | 2 | 3 | 0 | 0 | 1 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 26 | दादरा और नागर हवेली | 411 | 537 | 2,190 | 3,137 | 502 | 637 | 2,621 | 3,760 | 512 | 661 | 3,153 | 4,325 | 584 | 737 | 3,083 | 4,404 | 534 | 648 | 2,681 | 3,862 |
| 27 | महाराष्ट्र | 59,243 | 70,516 | 74,141 | 2,03,901 | 72,880 | 85,532 | 92,027 | 2,50,439 | 86,258 | 1,00,843 | 1,09,787 | 2,96,888 | 98,729 | 1,13,769 | 1,21,415 | 3,33,913 | 88,250 | 1,01,122 | 1,10,182 | 2,99,555 |
| 29 | कर्नाटक | 22,697 | 28,660 | 35,101 | 86,457 | 28,448 | 35,429 | 45,602 | 1,09,479 | 33,321 | 40,969 | 54,123 | 1,28,414 | 36,905 | 45,314 | 59,550 | 1,41,770 | 33,498 | 41,145 | 56,028 | 1,30,671 |
| 30 | गोवा | 1,031 | 1,418 | 1,894 | 4,343 | 1,509 | 2,018 | 1,955 | 5,482 | 1,818 | 2,352 | 2,264 | 6,433 | 2,073 | 2,609 | 2,417 | 7,100 | 1,752 | 2,182 | 1,845 | 5,779 |
| 31 | लक्षद्वीप | 8 | 9 | 1 | 18 | 8 | 10 | 3 | 21 | 16 | 19 | 10 | 45 | 7 | 9 | 5 | 21 | 4 | 6 | 11 | 21 |
| 32 | केरल | 7,100 | 9,887 | 5,195 | 22,183 | 9,279 | 12,311 | 5,707 | 27,296 | 10,805 | 13,967 | 5,848 | 30,620 | 11,763 | 14,885 | 6,375 | 33,023 | 10,775 | 13,192 | 5,687 | 29,654 |
| 33 | तमिलनाडु | 22,015 | 29,441 | 26,961 | 78,417 | 27,361 | 36,353 | 32,612 | 96,326 | 31,693 | 41,082 | 39,807 | 1,12,582 | 34,283 | 46,318 | 41,244 | 1,21,846 | 30,754 | 39,711 | 37,806 | 1,08,271 |
| 34 | पुदुचेरी | 229 | 366 | 1,223 | 1,818 | 303 | 463 | 1,599 | 2,365 | 333 | 509 | 1,786 | 2,628 | 364 | 553 | 1,935 | 2,852 | 335 | 485 | 1,434 | 2,255 |
| 35 | अंडमान व नोकोबार द्वीप समूह | 122 | 170 | 40 | 332 | 139 | 183 | 50 | 372 | 157 | 206 | 63 | 426 | 180 | 228 | 72 | 481 | 151 | 188 | 114 | 453 |
| 36 | तेलंगाना | 10,930 | 14,603 | 13,238 | 38,771 | 12,842 | 16,877 | 15,632 | 45,350 | 15,513 | 20,012 | 17,868 | 53,393 | 16,893 | 21,292 | 18,454 | 56,638 | 14,801 | 18,559 | 16,391 | 49,751 |
| 37 | आंध्र प्रदेश | 7,844 | 10,567 | 11,938 | 30,350 | 9,585 | 12,542 | 14,312 | 36,439 | 10,687 | 14,008 | 16,206 | 40,900 | 11,201 | 14,488 | 16,293 | 41,981 | 9,780 | 12,544 | 12,737 | 35,061 |
| 38 | लद्दाख | 76 | 99 | 31 | 206 | 122 | 171 | 38 | 332 | 188 | 250 | 42 | 480 | 211 | 276 | 56 | 543 | 179 | 242 | 54 | 475 |
| 97 | अन्य क्षेत्र | 100 | 126 | 1,364 | 1,590 | 136 | 201 | 2,272 | 2,609 | 156 | 231 | 2,227 | 2,615 | 179 | 208 | 2,086 | 2,473 | 222 | 306 | 1,723 | 2,251 |
| 99 | केंद्र का अधिकार क्षेत्र | - | - | 2,121 | 2,121 | - | - | 1,941 | 1,941 | - | - | 2,507 | 2,507 | - | - | 3,275 | 3,275 | - | - | 3,624 | 3,624 |
| | जीएसटी संग्रहण (घरेलू) | 2,69,137 | 3,44,216 | 3,85,314 | 9,98,667 | 3,23,923 | 4,10,251 | 4,73,421 | 12,07,596 | 3,75,710 | 4,71,195 | 5,43,704 | 13,90,609 | 4,13,776 | 5,16,448 | 6,03,582 | 15,33,805 | 3,66,288 | 4,52,133 | 5,31,374 | 13,49,795 |
| | जीएसटी संग्रहण (आयात) | - | - | 3,76,956 | 3,76,956 | - | - | 4,71,799 | 4,71,799 | - | - | 4,83,086 | 4,83,086 | - | - | 5,21,753 | 5,21,753 | - | - | 4,93,589 | 4,93,589 |
| | कुल जीएसटी संग्रहण | 2,69,137 | 3,44,216 | 7,62,270 | 13,75,624 | 3,23,923 | 4,10,251 | 9,45,220 | 16,79,395 | 3,75,710 | 4,71,195 | 10,26,790 | 18,73,695 | 4,13,776 | 5,16,448 | 11,25,334 | 20,55,558 | 3,66,288 | 4,52,133 | 10,24,963 | 18,43,384 |

**पिछले 5 वित्तीय वर्षों के दौरान उपकर संग्रहण (करोड़ रुपये में)**

| राज्य कोड | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 | 2025-26 (जनवरी, 26 तक) | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जम्मू और कश्मीर | 54 | 68 | 86 | 116 | 99 | 423 |
| 2 | हिमाचल प्रदेश | 17 | 20 | 21 | 29 | 44 | 131 |
| 3 | पंजाब | 222 | 340 | 378 | 455 | 282 | 1,676 |
| 4 | चंडीगढ़ | 15 | 22 | 20 | 46 | 20 | 123 |
| 5 | उतराखंड | 87 | 124 | 131 | 129 | 79 | 549 |
| 6 | हरियाणा | 4,977 | 6,031 | 7,041 | 7,878 | 4,799 | 30,726 |
| 7 | दिल्ली | 1,022 | 1,023 | 1,312 | 1,352 | 799 | 5,508 |
| 8 | राजस्थान | 1,872 | 1,501 | 1,852 | 2,032 | 1,066 | 8,323 |
| 9 | उतर प्रदेश | 12,649 | 14,236 | 15,556 | 16,577 | 14,079 | 73,097 |
| 10 | बिहार | 1,940 | 2,005 | 2,043 | 2,078 | 1,640 | 9,706 |
| 11 | सिक्किम | 1 | 1 | 1 | 2 | 2 | 6 |
| 12 | अरुणाचल प्रदेश | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 10 |
| 13 | नगालैंड | 14 | 44 | 47 | 24 | 12 | 140 |
| 14 | मणिपुर | 2 | 3 | 3 | 1 | 2 | 9 |
| 15 | मिजोरम | 0 | 1 | 1 | 1 | 2 | 5 |
| 16 | त्रिपुरा | 2 | 3 | 3 | 3 | 2 | 13 |
| 17 | मेघालय | 9 | 19 | 24 | 14 | 18 | 84 |
| 18 | असम | 403 | 628 | 1,033 | 1,418 | 1,203 | 4,685 |
| 19 | पश्चिम बंगाल | 3,494 | 4,251 | 4,603 | 5,465 | 4,228 | 22,040 |
| 20 | झारखंड | 5,431 | 5,772 | 6,939 | 7,818 | 3,925 | 29,885 |
| 21 | ओडिशा | 7,840 | 8,874 | 9,368 | 10,186 | 5,882 | 42,149 |
| 22 | छतीसगढ | 6,861 | 7,041 | 7,708 | 7,565 | 4,445 | 33,619 |
| 23 | मध्य प्रदेश | 6,280 | 7,006 | 7,554 | 7,941 | 5,236 | 34,018 |
| 24 | गुजरात | 6,263 | 6,667 | 8,025 | 8,412 | 5,132 | 34,499 |
| 25 | दमन और दीव | - | - | - | - | - | - |
| 26 | दादरा और नागर हवेली | 4 | 11 | 7 | 4 | 9 | 34 |
| 27 | महाराष्ट्र | 14,092 | 19,907 | 23,229 | 25,942 | 16,172 | 99,342 |
| 29 | कर्नाटक | 9,468 | 13,342 | 16,852 | 17,794 | 12,693 | 70,149 |
| 30 | गोवा | 21 | 39 | 42 | 46 | 24 | 172 |
| 31 | लक्षद्वीप | - | - | - | - | - | - |
| 32 | केरल | 80 | 75 | 57 | 85 | 112 | 410 |
| 33 | तमिलनाडु | 7,076 | 8,051 | 8,747 | 9,269 | 5,146 | 38,289 |
| 34 | पुदुचेरी | 5 | 8 | 8 | 13 | 4 | 40 |
| 35 | अंडमान व नोकोबार द्वीप समूह | 0 | 1 | 2 | 2 | 1 | 6 |
| 36 | तेलंगाना | 6,310 | 6,481 | 6,549 | 6,349 | 4,629 | 30,317 |
| 37 | आंध्र प्रदेश | 2,361 | 3,794 | 3,398 | 2,843 | 1,597 | 13,993 |
| 38 | लद्दाख | 1 | 1 | 1 | 2 | 0 | 5 |
| 97 | अन्य क्षेत्र | - | 0 | - | - | - | 0 |
| 99 | केंद्र का अधिकार क्षेत्र | - | - | - | - | - | - |
| | **उपकर संग्रहण (घरेलू)** | **98,878** | **1,17,390** | **1,32,639** | **1,41,892** | **93,386** | **5,84,185** |
| | उपकर संग्रहण (आयात) | 8,789 | 10,896 | 11,915 | 11,410 | 5,923 | 48,933 |
| | **कुल उपकर संग्रहण** | **1,07,667** | **1,28,286** | **1,44,554** | **1,53,302** | **99,309** | **6,33,118** |